E-mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका सं0– 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा) शिवहर– 23/2022..574... **पटना, दिनांक**:-30.01.24

आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, शिवहर के पत्रांक 543 दिनांक 24.08.2023 द्वारा श्री अनुराग (Emp.ID-ASO00031), विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी के विरूद्ध दिनांक 26.06.2023 से बीमारी का उल्लेख करते हुए विधि सम्मत कार्रवाई की अनुशंसा भेजी गयी। पुनः पत्रांक 611 दिनांक 13.09.2023 द्वारा श्री अनुराग को पूर्व आरोपों को ही उल्लेखित करते हुए इनके संविदा नियोजन रद्द करने की अनुशंसा की गयी है।

बन्दोबस्त पदाधिकारी, शिवहर से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में श्री अनुराग से इन पर लगाए गये आरोप के विरूद्ध इस कार्यालय के पत्रांक 8462 दिनांक 10.10.2023 द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गई है। श्री अनुराग द्वारा स्पष्टीकरण ससमय समर्पित किया गया है। इनके द्वारा स्पष्टीकरण में अपनी स्वयं के चिकित्सारत रहने के कारण कार्य पर अनुपस्थिति का उल्लेख किया गया है, जिस संदर्भ में इनसे चिकित्सा प्रमाण–पत्र की मांग निदेशालय पत्रांक 9055 दिनांक 30.11.2023 की गई है। इनके द्वारा चिकित्सा प्रमाण–पत्र/Prescription आदि समर्पित किया गया है, जिससे इनके चिकित्सारत रहने की पुष्टि होती है। साथ ही इनके द्वारा स्वस्थ्य होने तथा कार्य प्रभार यथाशीघ्र ग्रहण करने का अनुरोध किया गया है।

उपरोक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में बन्दोबस्त पदाधिकारी के पत्रांक 868 दिनांक 01.12.2023 तदनुसार इनके पूर्व के कार्यों के दृष्टिगत इन्हें अपने पद का कार्य प्रभार ग्रहण करने की अनुमति दी जाती है।

2. साथ ही कार्यहित में इनका स्थानान्तरण बन्दोबस्त कार्यालय, शिवहर से करते हुए बन्दोबस्त कार्यालय, अरवल में पदस्थापित किया जाता है।

3. यह भी निदेश दिया जाता है कि जिस तिथि से वे बन्दोबस्त कार्यालय, अरवल में योगदान देगें, उनका उस तिथिं से मानदेय का भुगतान किया जायेगा। अवकाश में प्रस्थान करने की तिथि से योगदान की तिथि तक की अवधि का मानदेय "कार्य नहीं तो मानदेय नहीं" का सिद्धान्त अपनाया जाय।

4. स्थानान्तरण आदेश R2R Software के माध्यम से निर्गत किया जायेगा।

(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक– 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा) शिवहर–23/2022...574 **पटना, दिनांक** :...30.01.24

प्रतिलिपि :– श्री अनुराग (Emp.ID-ASO00031), विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, शिवहर को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक– 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा) शिवहर–23/2022...574 **पटना, दिनांक** :...30.01.24

प्रतिलिपि :– बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, शिवहर/अरवल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक– 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा) शिवहर–23/2022...574 **पटना, दिनांक** :...30.01.24

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय बिहार, पटना, को सूचनार्थ एवं वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

साथ ही निदेशित किया जाता है कि इसकी स्कैन कॉपी R2R साफ्टवेयर के अन्तर्गत संधारित उक्त कर्मी का व्यक्तिगत संचिका में भी अपलोड करें।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप